देश की लोकप्रिय मासिक हिन्दी खेल पत्रिका
शानदार 30वां वर्ष

# नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स

नवंबर-2023 न्यूज़ मैग्जीन मूल्य ₹25

Website: www.nationalsportstimes.org

एशियाई खेल विशेषांक अंतिम

## एशियाई खेलों में भारत का कमाल का प्रदर्शन



रंगीन पटके में कमाल के स्पिनर थे बिशन बेदी

## भारतीय हाकी टीम ने ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया

विश्व कप के उलटफेर मैच

स्टार पोस्टर
भारतीय टीम का विश्वकप जश्न

## 19 नवंबर का दिन और अहमदाबाद का स्टेडियम

# किसके नाम होगा विश्व कप खिताब?











विश्व कप विशेषांक-2

# भारत विश्व कप जीतने के बेहद करीब

## तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने रचा इतिहास

## बेहतरीन फार्म में विराट कोहली

आरएनआई नंबरः 69917/94 डाक पंजीयन म.प्र. / भोपाल / 607 / 2021-23 / 1 तारीख को प्रकाशित / डाक पोस्टिंग 5 तारीख

Email: nationalsportstimes@yahoo.com, nationalsportstimes@gmail.com

नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स

पंजीयन संख्या (आरएनआई): 69917/94, डाक पंजी. न. मप्र/भोपाल/607/2021-23

■ वर्ष-30 ■ अंक-5 ■ क्रमांक-276 ■ नवंबर-2023 ■ मूल्य-25 रूपये

## संपादकीय मंडल

| | | |
|---|---|---|
| प्रधान संपादक | : | इन्द्रजीत मौर्य |
| कार्यकारी संपादक | : | सुरेश कुमार |
| प्रबंधक | : | निखिल कुमार |
| विज्ञापन प्रबंधक | : | अजय मौर्य |
| विज्ञापन सहायक | : | रामेश्वर भार्गव |
| डिजाइनिंग | : | सुरेन्द्र डहारे |
| छायाकार | : | निर्मल व्यास |
| कार्टूनिस्ट | : | वीरेंद्र कुमार ओगले |

## सलाहकार संपादक

- अरुणेश्वर सिंहदेव
- समीर मिरीकर
- अरुण भगोलीवाल
- सुशील सिंह ठाकुर
- आशीष पाण्डे
- राजीव सक्सेना
- शांति कुमार जैन
- शंकर मूर्ति

## विशेष संवाददाता / समीक्षक

अरुण अर्णव, अनिल वर्मा, हरेंद्र नागेश साहू, हरीश हर्ष, चरनपालसिंह सोबती, वीरेन्द्र शुक्ल, सरिता अरगरे, मोहन द्विवेदी, मो. ईशाउद्दीन, धर्मेश यशलाहा, दामोदर आर्य, डॉ. मुनीष राणा, प्रशांत सेंगर, सुदेश सांगते, डॉ. प्रशांत मिश्रा, विजय रांगणेकर, संजय बेनर्जी, अमरनाथ, मो. अफरोज।

## संपादकीय कार्यालय

बी-10, छत्रपति नगर, अयोध्या बायपास, भोपाल
फोन : 0755-4218892,
मोबाइलः 094250-25727, 8349994166

**पंजीयन कार्यालय :** ई-197, ओल्ड मीनाल रेसीडेंसी, जे.के. रोड, भोपाल, मप्र-462023,

E-Mail: nationalsportstimes@Yahoo.com
nationalsportstimes@gmail.com

फोटो स्रोतः इंटरनेट, सोशल मीडिया, अखबार एवं ब्यूरो कार्यालय

## ब्यूरो कार्यालय

इंदौर, उज्जैन, नागदा, देवास, सीहोर, विदिशा, रायसेन, बुरहानपुर, धार, जबलपुर, ग्वालियर, दतिया, रीवा, सतना, खण्डवा, खरगोन, शहडोल, छिंदवाड़ा, सागर, छतरपुर, होशंगाबाद, बैतूल, इटारसी, रतलाम, शिवपुरी, ललितपुर, झाँसी, नागपुर, रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, मुंबई, रत्नागिरी, कोलहापुर, पूना, जलगाँव, दिल्ली, नोएडा, हरियाणा, लुधियाना, जालंधर, मेरठ, लखनऊ, कानपुर, इलाहाबाद, गोरखपुर, मिर्जापुर, जयपुर, पटना, नैनीताल, देहरादून, कुमाऊ, गाजियाबाद, एंगुल (उड़ीसा), ऊना, शिमला, भुवनेश्वर।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक इन्द्रजीत मौर्य द्वारा सुलेख आफसेट प्लाट नं. 150, एल-5, मनोरमा काम्प्लेक्स, जोन-1, एमपी नगर, भोपाल से मुद्रित तथा ई-197, मीनाल रेसीडेंसी, जे.के. रोड, राज होम्स कॉलोनी, भोपाल से प्रकाशित। संपादक इन्द्रजीत मौर्य।

खेल पत्रिका में प्रकाशित लेखों की जिम्मेदारी लेखक की है। प्रकाशक एवं संपादक का लेखक से सहमत होना अनिवार्य नहीं है। (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल न्यायालय रहेगा।



12 विश्व कप 2023

## नई इबारत लिखते रोहित शर्मा

## अंदर के पन्नों पर

| | |
|---|---|
| भारतीय पैरा खिलाड़ियों ने भी रचा इतिहास | 05 |
| कार्टून का पन्ना | 06 |
| एशियाई खेल विशेष रिपोर्ट | 15-23 |
| मैक्सवेल ने लगाया सबसे तेज शतक | 26 |
| विश्व कप संक्षिप्त स्कोर बोर्ड | 31-35 |
| भारतीय हॉकी टीम ओलंपिक क्वालीफाई | 36 |
| कुछ किस्से, कुछ कीर्तिमान | 39-44 |
| भारतीय फुटबाल राउंडअप | 51 |
| नेशनल गेम्स में मप्र का शानदार प्रदर्शन | 52 |
| मप्र बैडमिंटन लीग स्पर्धा | 54 |

छपते-छपते



# विश्वकप : गेंदबाज शमी ने रचा इतिहास, भारत सेमीफाइनल में

**मुंबई।** श्रीलंका के खिलाफ 2 नवंबर को वानखेड़े स्टेडियम मुंबई में भारतीय क्रिकेट टीम ने वनडे वर्ल्ड कप 2023 के लीग मैच में 302 रन से बड़ी जीत दर्ज की। श्रीलंका को जीत के लिए 358 रन का टारगेट मिला था, लेकिन भारतीय गेंदबाजी के सामने यह टीम पूरी तरह से धराशाई हो गई और 19.4 ओवर में 55 रन पर सिमट गई। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने इस वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में जगह बना ली तो वहीं इस मैच में भारत की तरफ से 5 विकेट लेने वाले मोहम्मद शमी को प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। इस वर्ल्ड कप के तीन मैचों में शमी ने दूसरी बार ही फाइफर लेने का कमाल किया। श्रीलंका के खिलाफ फाइफर लेकर शमी अब वनडे वर्ल्ड कप में भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। शमी ने इस वर्ल्ड कप के 3 मैचो में 14 विकेट लिए हैं।

**मो. शमी ने बनाया रिकॉर्ड :** शमी ने श्रीलंका के खिलाफ 5 ओवर में 18 रन देकर 5 विकेट लिए जिसमें एक ओवर मेडन भी रहा। इस 5 विकेट के दम पर शमी अब भारत की तरफ से वनडे वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए और उन्होंने जहीर खान और अनिल कुंबले का रिकॉर्ड तोड़ दिया। शमी के अब वर्ल्ड कप में 14 मैचों में 45 विकेट हो गए जबकि जहीर खान और अनिल कुंबले ने वर्ल्ड कप में भारत की तरफ से 44-44 विकेट लिए थे।

**भारतीय गेंदबाजों का दमदार प्रदर्शन :** भारतीय बल्लेबाजों ने श्रीलंका के खिलाफ दमदार प्रदर्शन किया और शुभमन गिल, विराट कोहली और श्रेयस अय्यर की अर्धशतक के दम पर 50 ओवर में 8 विकेट पर 357 रन बनाए। इसके जवाब में श्रीलंका की टीम 55 रन पर धराशाई हो गई और उसे 302 रन के अंतर से जीत मिली। भारत की तरफ से इस मैच में शमी ने सबसे ज्यादा 5 विकेट लिए जबकि मो. सिराज ने 3 जबकि जसप्रीत बुमराह और रविंद्र जडेजा को एक-एक सफलता मिली।

**शमी ने कर ली मिचेल स्टार्क की बराबरी :** मो. शमी ने वनडे वर्ल्ड कप में तीसरी बार एक मैच में 5 विकेट लेने का कमाल किया और वह ऐसा करने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बने साथ ही साथ उन्होंने कंगारू तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क की बराबरी कर ली जिन्होंने वनडे वर्ल्ड कप में अब तक तीन बार एक मैच में 5 विकेट लेने का कमाल किया है।

मेरी बात...



इन्द्रजीत मौर्य
प्रधान संपादक

# भारतीय पैरा खिलाड़ियों ने भी रच दिया इतिहास

**भारतीय** पैरा एथलीटों ने 28 अक्टूबर को हांगझू में इतिहास रच दिया जब उन्होंने अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए एशियाई पैरा खेलों में अपना अभियान 111 पदकों के साथ खत्म किया जो किसी भी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय बहु-खेल प्रतियोगिता में देश के लिए सबसे बड़ी खेल उपलब्धि है। हमारे जांबाज पैरा खिलाड़ियों ने 29 स्वर्ण, 31 रजत और 51 कांस्य पदक के साथ कुल 111 पदक जीते। इससे पहले हांगझू में ही एशियाई खेलों में भारतीय खिलाड़ी 'अबकी बार सौ पार' के लक्ष्य के साथ मैदान में उतरे थे और उसे पार कर 107 पदक जीतकर नया इतिहास रच दिा था। अब पैरा एशियाई खेलों में उससे चार पदक ज्यादा हासिल करना इस बात का शुभ संकेत है कि आने वाले दिनों में बड़ी-बड़ी खेल स्पर्धाओं में भारतीय खिलाड़ियों को भी इस क्षेत्र में दुनिया के मजबूत देशों के बीच गिना जाएगा। इन खेलों में भारतीय पैरा खिलाड़ियों ने एथलेटिक्स में सबसे बड़ी सफलता हासिल की, जबकि शतरंज, निशानेबाजी व तीरंदाजी में भी अपने जौहार दिखाए और पदक जीते। भारतीय पैरा एथलीटों ने 23 सितंबर से आठ अक्टूबर तक आयोजित हांगझू एशियाई खेलों में कई रिकार्ड भी अपने नाम किए।

पैरा एशियाई खेलों में भारत का पिछला रिकॉर्ड 72 पदकों का था। पदक तालिका में भारत चीन (521 पदक : 214 स्वर्ण, 167 रजत, 140 कांस्य), ईरान (44 स्वर्ण, 46 रजत, 41 कांस्य), जापान (42 स्वर्ण, 49 रन, 59 कांस्य) और कोरिया (30 स्वर्ण, 33 रजत, 40 कांस्य) से नीचे पांचवें स्थान पर रहा, जो अपने आप में एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। पहला पैरा एशियाई खेल 2010 में चीन के ग्वांगझू में आयोजित किया गया था, जहां भारत एक स्वर्ण सहित 14 पदकों के साथ 15वें स्थान पर रहा था। 2014 और 2018 संस्करण में भारत क्रमशः 15वें और नौवें स्थान पर रहा था।

भारत ने 2010 दिल्ली राष्ट्रमंडल खेलों में पहली बार 100 से अधिक (101) पदक जीते थे। भारतीय पैरालंपिक समिति की अध्यक्ष दीपा मलिक का मानना है कि हमने इतिहास रचा है, हमारे पैरा एथलीटों ने देश को गौरवान्वित किया है। हम पेरिस पैरालंपिक में टोक्यो से भी अधिक पदक जीतेंगे। उन्होंने कहा, हालांकि, यह हमारे लिए कोई आश्चर्य की बात नहीं है। हमने 110 से 115 पदकों की उम्मीद की थी और हम 111 पर समाप्त हुए, जो शुभ संख्या (एंजेल नंबर) है। भारत 2018 संस्करण में हासिल किए गए पैरा एशियाड में सबसे ज्यादा 72 पदक (15 स्वर्ण, 24 रजत, 33 कांस्य) के संख्या को पार गया था। भारत ने 2018 संस्करण की तुलना में 39 अधिक पदक जीते, जिसमें एथलेटिक्स में भारत के कुल 111 में से 55 (18 स्वर्ण, 17 रजत, 20) का योगदान रहा।



भारतीय शटलरों ने चार स्वर्ण सहित 21 पदकों के साथ दूसरा सबसे बड़ा योगदान दिया। शतरंज और तीरंदाजी ने क्रमशः आठ और सात पदक जीते, जबकि निशानेबाजी ने छह पदक जीते। शनिवार को आखिरी दिन भारत ने चार स्वर्ण सहित 12 पदक अपने नाम किए। सात पदक शतरंज से, चार एथलेटिक्स से और एक रोइंग से आया। **यह बात ध्यान देने योग्य है कि भारत में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। कमी है तो बस उन्हें मौका देने की, तराशने की।**

विशेष

# 128 साल बाद ओलंपिक में क्रिकेट की वापसी होगी

**क्रिकेट** को 128 साल बाद ओलंपिक में शामिल किए जाने के फैसले पर मुहर लग चुकी है। 2028 के लॉस एंजिलस ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के कार्यकारी द्वारा क्रिकेट को लॉस एंजिलस ओलंपिक में शामिल करने पर मुहर लगा दी गई है। आईओसी अध्यक्ष थॉमस बाख के नेतृत्व में 16 अक्टूबर को मुंबई में हुई बैठक में इस पर अंतिम फैसला किया गया। क्रिकेट इससे पहले 1900 के पेरिस ओलंपिक में खेला गया था। यानी 128 साल बाद इसकी ओलंपिक में वापसी होगी।

आईओसी के कार्यकारी बोर्ड के अधिकारियों की बैठक में क्रिकेट समेत पांच खेलों को शामिल करने के फैसले पर मुहर लगाई गई। इनमें क्रिकेट के अलावा बेसबॉल/सॉफ्टबॉल, फ्लैग फुटबॉल, स्क्वैश और लेक्रोस समेत पांच नए खेलों को शामिल करने लॉस एंजिलस आयोजकों के प्रस्ताव पर मुहर लगाई गई। इसको लेकर प्रस्ताव पहले ही पास हो चुका था।

हालांकि, सभी नए खेलों को 2028 खेलों में जगह सुनिश्चित करने के लिए आईओसी सदस्यता द्वारा मत हासिल करने की आवश्यकता थी। 16 अक्टूबर 2023 को आधिकारिक रूप से पांचों नए खेलों को शामिल कर लिया गया। लॉस एंजिलिस-28 आयोजन समिति द्वारा पांच खेलों को शामिल करने के प्रस्ताव का आईओसी के 99 सदस्यों में से मतदान करने वाले केवल दो सदस्यों ने विरोध किया। आईओसी ने क्रिकेट के आगे टी20 लिखा, यानी क्रिकेट के मुकाबले टी20 फॉर्मेट में खेले जाएंगे। इनमें पुरुष और महिला क्रिकेट के मुकाबले शामिल होंगे।

इससे पहले 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में भी क्रिकेट की वापसी हुई थी, लेकिन उसमें सिर्फ महिलाओं का टी20 मुकाबला खेला गया था। भारतीय महिला टीम ने उसमें रजत पदक जीता था। वहीं, इस साल हांगझू एशियाई खेलों में भी क्रिकेट को शामिल किया गया था। पुरुष और महिला दोनों वर्गों के टी20 मुकाबले खेले गए थे। एशियाड में भारत ने महिला और पुरुष दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक जीते थे। क्रिकेट इससे पहले 1900 के पेरिस ओलंपिक में खेला गया था, जहां इंग्लैंड और फ्रांस स्वर्ण पदक के लिए भिड़े थे।